**सत्र–2019–2020**

दिनांक 05 अक्टूबर 2019 को पुनः इतिहास परिषद का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष सुमित सक्सेना व उपाध्यक्ष शिंबा अली एम0ए0द्वितीय वर्ष, महामंत्री शिवम् झॉ, कोषाध्यक्ष अलीजा ने अपने–अपने पदों के दायित्व को संभाला।

दिनांक 21 अक्टूबर 2019 को इतिहास परिषद की ओर से प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एम0ए0 प्रथम व द्वितीय वर्ष व बी0ए0द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं की टीम बनायी गयी। इस कार्यक्रम में विजित प्रतिभागियों के क्रम इस प्रकार है– एम0ए0 द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, बी0ए0 तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान एम0ए0 प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहा।

दिनांक 16 नवम्बर 2019 को एक कार्यक्रम ''जलियावाला बाग का हत्याकाण्ड'' के सौ वर्ष पूर्ण होने पर इतिहास विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न छात्र–छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ0 शारदा अग्रवाल जी द्वारा ओजस्वी व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

दिनांक 21 जनवरी 2020 को इतिहास विभाग द्वारा ''सिक्का प्रदर्शनी'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रबन्ध कारिणी कमेटी के सदस्य श्री हरिशंकर रावत (मुख्य अतिथि), अवैतनिक मंत्री डॉ0 देवेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष डॉ0 हरिमोहन पुरवार, श्रीमती संध्या पुरवार, मु0 अयुब अहमद व प्राचार्य द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 मंजू जौहरी द्वारा अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग से डॉ0 सर्वेश शाण्डिल्य द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में मु0 अयुब अहमद जी ने सिक्कों का एक विशेष संग्रह लगाया। इतिहास के एम0ए0 व बी0ए0 के विभिन्न छात्र–छात्राओं तथा अन्य विषयों के विद्यार्थियों द्वारा सिक्कों का विशेष संग्रह लगाकर उसका प्रदर्शन किया गया। अन्त में

सभी छात्र–छात्राओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।